निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाय-मण्डलायुक्त

बस्ती। मंडलायुक्त वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं (सड़को को छोड़कर) की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित हुआ।



बैठक में संबंधित विभागों द्वारा संचालित परियोजनाओं की भौतिक प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने की स्थिति की समीक्षा की गई।

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाय तथा निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित मानकों एवं तकनीकी विशिष्टताओं का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं की प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं है, उनके संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। संबंधित अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करें तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं का नियमित स्थलीय निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता एवं प्रगति का अनुश्रवण करें। उन्होने संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि अगर कोई भी समस्या हो तो उसे तत्काल उनके संज्ञान में लाया जाय, जिससे ससमय निराकरण हो सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या पूनम, संबंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

सम्राट अशोक प्रभावंश बालिका इ.का. बनकटी को परीक्षा केन्द्र बनायें जाने पर प्रसन्नता

बस्ती। शासन द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा पाये जाने पर सम्राट अशोक प्रभावंश बालिका इण्टर कालेज को यूपी बोर्ड का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यहां वर्तमान सत्र की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षायें आयोजित होंगी। उक्त जानकारी देते हुये कालेज के प्रबंधक डा. अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि स्थापना के बाद से कालेज लगातार प्रगति कर रहा है। अध्यापकों के अथक प्रयास, शैक्षिक गुणवत्ता तथा स्वच्छ व सुरक्षित कालेज परिसर होने के नाते कालेज अभिभावकों की पहली पसंद बन गया है। यूपी बोर्ड परीक्षा का केन्द्र बनाये जाने पर कालेज की छात्राओं और अध्यापक अध्यापिकाओं मे प्रसन्नता है। सभी की कठिन मेहनत का नतीजा है कि कालेज आज इस स्तर पर पहुंचा है। परीक्षा केन्द्र बनाये जाने पर प्रधानाचार्या डा. नीलम मौर्य ने कहा कि कालेज की स्थापना से लेकर आज तक हमेशा शैक्षिक वातावरण के निर्माण व गुणवत्ता को लेकर निरन्तर प्रयास जारी है। कालेज परिवार क्षेत्रवासियों को एक अच्छा और सुरक्षित गर्ल्स कालेज मुहैया कराने की दिशा मे आगे बढ़ रहा है। संस्थापक वंशराज मौर्य, डा. अनीता मौर्य, श्रीमती सरोज मौर्य सहित तमाम लोगों ने कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।



चिकित्सा प्रतिपूर्ति का आवेदन आफलाइन किये जाने की मांग, धरना प्रदर्शन 02 नवम्बर को

बस्ती,। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन बस्ती ने प्रान्तीय कार्यकारिणी के आवाह्न पर 02 नवम्बर को कलेक्ट्रेट परिसर मे धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आज एसोसिएशन के कोर कमेटी की बैठक पेंशनर्स कक्ष मे हुई। बैठक की अध्यक्षता एसो. के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने किया और संचालन जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने।बैठक को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 01 अक्टूबर से सेवारत व सेवानिवृत्त राज्यकर्मियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति का आफलाइन आवेदन लेना बंद कर दिया है। इससे पेंशनरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्गों को साइबर कैफे का चक्कर लगाना पड़ रहा है, इसके बावजूद प्रक्रिया इतनी जटिल हो गई है कि आवेदन आनलाइन नही हो पा रहा है। अध्यक्ष पेंशनर सलाहकार समिति व अपर मुख्य सचिव वित्त से एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने आनलाइन की जटिलता से अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ने आफलाइन आवेदन स्वीकार करने की व्यवस्था देने का वादा किया था किन्तु अभी भी आफलाइन आवेदन स्वीकार नही किया जा रहा है। मजबूर होकर प्रान्तीय नेतृत्व ने सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन का निर्देश दिया।



जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने 02 नवम्बर को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। बैठक मे प्रमुख रूप से इंजी. रामचन्द्र शुक्ल, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, चन्द्रप्रकाश पाण्डेय, सुरेशधर दूबे, अशोक कुमार मिश्र, प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, रामकुमार पाल, शिवगोविन्द श्रीवास्तव, राजदेव यादव, विश्वदेव दूबे, वंशीधर पाण्डेय, हनुमान प्रसाद तिवारी, सुरेश चन्द्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

रास्ते से कब्जे को हटवाने के लिए बच्चों के साथ ग्रामीण पहुंचे तहसील मुख्यालय, किया प्रदर्शन

हर्रैया(बस्ती)। कप्तानगंज थाना क्षेत्र भरवलिया गांव में नवीन परती के गाटा संख्या 193 से चल रहे आम रास्ते पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे के विरोध में नाराज स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने बुधवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता खुलवाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है। आरोप है कि एक एक पखवाड़े से रास्ता बंद होने से 15 घरों का आवागमन बंद? है जिससे स्कूली बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। जिससे लोगों घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कप्तानगंज पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। ग्रामीण मनोज कुमार, जगदीश, चंद्रवीर, अशोक कुमार, संतोष ने स्कूली बच्चों साथ रास्ते अवैध कब्जा हटाने के लिए तहसील पहुंचे। एसडीएम कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों आरोप है कि भरवलिया गांव में गाटा संख्या 193 में मौके पर आम रास्ता है जिस पर गांव के ही तुलसीराम पुत्र बुधराम, गुड्डू, प्यारे, गंगाराम, विन्दू आदि ने अवैध कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में नायब



तहसीलदार गौर शालिनी पटेल द्वारा मौका निरीक्षण कर रास्ता खुलवाया गया था और सरकारी मिट्टी डलवाकर रास्ता चालू भी करा दिया गया था लेकिन विपक्षी ने फिर से रास्ते में जबरन टीन शेड लगा दिया है और लोगों को आने-जाने से रोक रहे हैं। इस कारण गांव के स्कूली बच्चे काफी समय से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि यह गांव के लिए एकमात्र रास्ता है। प्रशासन रास्ता खुलवाता है और प्रशासन के जाते ही फिर कब्जा हो जाता है। इसको लेकर गांव में रोज फौजदारी की आशंका बनी हुई है। ग्राम प्रधान अशरफी लाल ने बताया कि आठ अक्टूबर को दो पक्षों में मारपीट हुआ था। एक पक्ष ने नवीन परती भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर टीन शेड रख दिया जिससे ग्रामीणों का आवागमन बंद? है। उन्होंने कहा अगर बुधवार शाम तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो गुरुवार को ग्रामीणों व स्कूली बच्चों साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने बैठेंगे।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने मांग किया है कि तत्काल संज्ञान लेकर रास्ता पूर्ण रूप से चालू कराया जाए और दोबारा कब्जा न हो इसके लिए विपक्षियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में नायब तहसीलदार गौर शालिनी पटेल ने बताया कि मामला संज्ञान में है। कप्तानगंज थानाध्यक्ष का फोन से संपर्क नहीं हो पा रहा है जैसे ही पुलिस फोर्स मिलती है मौके पर जाकर अतिक्रमण हटवा कर आवागमन चालू कर उन्हें सख्त दिया जाएगा।

बजाज चीनी मिल रुधौली (बस्ती) में उन्नत बीज वितरण कार्यक्रम संपन्न

बस्ती। बजाज चीनी मिल रुधौली के प्रांगण में किसानों की आय बढ़ाने और गन्ने की बंपर पैदावार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के दूर-दराज से आए सैकड़ों किसानों को गन्ने की उन्नत प्रजाति ष्ठश्र 20016 के रोग-प्रतिरोधी बीज वितरित किए गए, जिससे किसानों में भारी उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम का संचालन मिल के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में बेहद व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से इकाई प्रमुख (यूनिट हेड) डॉ. जेपी त्रिपाठी, महाप्रबंधक गन्ना श्री लवकुश सिंह चौहान और सीनियर गन्ना अधिकारी श्री बाल सिंधु पांडे गगन उपस्थित रहे। इन सभी गणमान्य अधिकारियों ने अपने हाथों से किसानों को बीज वितरित किए और उन्हें खेती से जुड़ी जरूरी तकनीकी सलाह भी दी।

कार्यक्रम के दौरान मिल के मुख्य गेट से लेकर बीज वितरण सेंटर तक एक बेहद अनुशासित और उत्साहपूर्ण माहौल नजर आया। गेट पर ही किसानों के स्वागत और



उनकी सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, जहाँ से कर्मचारियों द्वारा किसानों को कतारबद्ध तरीके से बीज वितरण सेंटर तक पहुँचाया गया। गेट से सेंटर तक के पूरे मार्ग पर किसानों के मार्गदर्शन के लिए सहायता डेस्क और बैनर-पोस्टर लगाए गए थे, जिससे किसानों को अपना बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

बीज वितरण सेंटर पर किसानों को संबोधित करते हुए इकाई प्रमुख (यूनिट हेड) डॉ. जेपी त्रिपाठी ने कहा कि बजाज चीनी मिल रुधौली हमेशा से क्षेत्र के किसानों के उत्थान और उनकी आर्थिक मजबूती के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ वैज्ञानिक तकनीकों और ष्ठश्र 20016 जैसी उन्नत बीजों की वैरायटी को अपनाकर अपनी पैदावार को कई गुना बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि मिल प्रबंधन किसानों की हर समस्या के समाधान और उनके विकास के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा है।

इस दौरान महाप्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह चौहान और सीनियर गन्ना अधिकारी बाल सिंधु पांडे गगन ने भी किसानों को समय पर खाद, पर्ची और तकनीकी मार्गदर्शन की जानकारी दी।

मिल प्रबंधन के इस सराहनीय प्रयास से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

प्रांतीय वैदिक गणित, ज्ञान-विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव का समापन

बस्ती। सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामबाग-बस्ती में शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रान्त द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय वैदिक गणित, ज्ञान-विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव-2026 का आज समापन हो गया। इस महोत्सव में गोरखपुर संकुल सर्वजेता बनकर उभरा, जबकि बस्ती संकुल उपविजेता रहा। महोत्सव में गोरक्ष प्रान्त के पाँच संकुलों के भैया-बहनों ने वैदिक गणित, विज्ञान, नवाचार एवं सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक श्री राम सिंह जी रहे। साथ ही गोरखपुर संभाग के संभाग निरीक्षक श्री अजय कुमार दूबे जी, बलिया संभाग के संभाग निरीक्षक श्री कन्हैया चौबे जी, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह जी, प्रबंध समिति सदस्य श्री दिनेश पाल जी संत कबीर नगर के प्रधानाचार्य श्री रमेश राय जी, देवरिया के प्रधानाचार्य श्री मानबहादुर सिंह जी, सिद्धार्थनगर के प्रधानाचार्य श्री बसंत मिश्र जी, आर्यमगढ़ के प्रधानाचार्य, प्रान्त संस्कृति बोध प्रमुख श्री भानु प्रताप त्रिपाठी जी, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका सिंह आदि समापन समारोह में उपस्थित रहे।

समापन समारोह का प्रारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। इसके पश्चात वंदना टोली ने दैनिक वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोविन्द सिंह जी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया तथा अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। समारोह में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की टीम तथा सरस्वती बालिका विद्यालय, गोरखपुर की टीम ने गीत प्रस्तुत किए। प्रांतीय विज्ञान प्रमुख श्री उमेश जी ने महोत्सव का वृत्त-निवेदन किया।

प्रतियोगिताओं के समग्र परिणाम की घोषणा विद्यालय के आचार्य श्री आशीष सिंह जी ने की। 212 अंकों के साथ गोरखपुर संकुल सर्वजेता, 197 अंकों के साथ बस्ती संकुल उपविजेता तथा 165 अंकों के साथ बलिया संकुल तृतीय स्थान पर रहा। देवरिया संकुल चौथे और



आर्यमगढ़ संकुल पाँचवें स्थान पर रहा।

इसके पश्चात अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों एवं संकुलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एवं शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक श्री राम सिंह जी ने कहा कि विद्या भारती अपनी यात्रा के 75वें वर्ष की ओर अग्रसर है। वर्ष 1952 में गोरखपुर के पक्कीबाग से प्रारंभ हुई यह यात्रा भारतीय जीवन-मूल्यों एवं संस्कृति पर आधारित शिक्षा के प्रसार का माध्यम बनी है।

उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यार्थी विज्ञान, कला, संस्कृति, शोध एवं तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ा रहे हैं। यह महोत्सव प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं अनुसंधान क्षमता विकसित कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री अंशुमान त्रिपाठी जी ने किया। अंत में बलिया संभाग के संभाग निरीक्षक श्री कन्हैया चौबे जी ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रभाव से ओतप्रोत वन्दे मातरम् गीत के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर विजय नारायण उपाध्याय, दिनकर त्रिपाठी, अश्विनी कुमार पाण्डेय ,श्री आशीष सिंह, डॉ. राजन श्रीवास्तव, श्री हरिश्चन्द्र वर्मा, श्री रविकुल रतन पाण्डेय, अरुण सिंह, रंजीत सिंह, हरिनारायण तिवारी, चंद्रमणि पाण्डेय, सतीश मौर्य, अखिलेश पाण्डेय एवं रामेन्द्र पाल, श्री सुधांशु सिंह, श्री वायुनन्दन मिश्र, श्री अंकित कुमार गुप्ता, श्री अशीन्द्र प्रकाश मिश्र एवं श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह सहित उपस्थित रहे।

जन्मेजय की मां थानाध्यक्ष की गाड़ी के सामने लेटीं

महादेवा, बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव में जन्मेजय की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मृतक की मां लालगंज थानाध्यक्ष की गाड़ी के सामने लेट गईं और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के चलते मार्ग

◆गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

पर आवागमन प्रभावित हुआ। बताया जा रहा है कि बाइक और ठेले की टक्कर के बाद दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान 36 वर्षीय जन्मेजय के सिर पर कुदाल से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों का आरोप है कि घायल को अस्पताल ले जाने से भी करीब आधे घंटे तक रोका गया। बाद में ग्रामीणों की मदद से उन्हें बनकटी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गंभीर हालत में जन्मेजय को मेडिकल कॉलेज कैली रेफर किया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इसके बाद परिजनों के अनुसार, दो दिनों



तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद जन्मेजय ने लखनऊ में दम तोड़ दिया। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने जिले के कई थानों की पुलिस को घटनास्थल पर तैनात किया। वहीं, थाना लालगंज में मुकदमा अपराध संख्या 179/2026 के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, मृतक की मां और ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मृतक का परिवार न्याय की मांग कर रहा है। घटना को लेकर गांव में तनावपूर्ण स्थिति के बीच पुलिस बल तैनात रहा। अब मामले में पुलिस की आगे की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

एक पखवारे से खराब है पानी टंकी का विद्युत मोटर

हर्रैया(बस्ती)। अतिमहत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अरबों रुपये खर्चा करके सभी जनपदों में स्वच्छ जल मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार पूरा प्रयास रत है लेकिन विभाग में बैठे जिम्मेदारों की लापरवाही और निरंकुशता के कारण उक्त योजना फ्लाप साबित हो रही हैं। सी एम हेल्पलाइन नं 1076 पर किये गये शिकायत का भी असर विभाग के आला अधिकारियों पर नहीं पड रहा है। यहाँ तक कि विभाग के अधिशाषी अभियंता अपना सी यू जी नं उठाने में भी बेइज्जती समझ रहे हैं। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड विक्रमजोत के ग्राम पंचायत जैतापुर में बनी पानी की टंकी में लगा मोटर विगत 15 अक्टूबर से खराब है। आपरेटर ऋषभ तिवारी के



अनुसार सूचना देने पर जिम्मेदारों ने मोटर भी उठवा लिया है। 12 दिन बीतने के बाद भी उक्त मोटर के रिपेयर होकर आने की कोई सूचना नहीं है। जनता पीने के पानी से बेहाल है। सी एम हेल्पलाइन 1076 पर 19 अक्टूबर को दर्ज शिकायत सं 92618500039395 का भी कोई असर विभाग के निरंकुश अधिकारियो पर नहीं पड रहा है। जल निगम के अधिशाषी अभियंता सफीकुर रहमान अपना सी यू जी नं 9415001878 नहीं उठा रहे हैं। इसी प्रकार क्षेत्र के ग्राम पंचायत धौरहरा चौहान में पाइप का लीकेज बार बार शिकायत करने पर भी ठीक नहीं हो रहा है जिससे वहाँ का जलापूर्ति कई दिनों से बंद है। जिम्मेदारों के इस रवैये से सरकार की छवि धूमिल होने के साथ एक ग्राम पंचायत में बनी करोडो रुपये की टंकी बेकार साबित हो रही है। इस सम्बन्ध में अवर अभियन्ता नागेंद्र यादव ने बताया कि वे लगातार प्रयास कर रहे है। उन्होने ग्रामीण को कान्फ्रेन्स करके बीएससीपीएल नामक प्राइवेट कम्पनी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर तथा साइट इंजीनियर से यथास्थिति जानने का प्रयास किया लेकिन किसी का भी फोन नहीं उठा।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक, सबसे ऊंचे सरदार अभियान का शुभारंभ

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा, बस्ती द्वारा बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक %सबसे ऊंचे सरदार% अभियान के तहत पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई।मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।यह विशेष अभियान 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती तक पूरे जिले में चलाया जाएगा।अभियान का उद्देश्य देश के एकीकरण में सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को याद करना और युवाओं व जन-जन तक उनके विचारों को पहुंचाना है।इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर विचार



व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार पटेल ने आजादी के बाद देश की सैकड़ों रियासतों का विलय कराकर एक अखंड भारत का निर्माण किया।

28 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जिले भर में सरदार पटेल के जीवन से जुड़े विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम, गोष्ठियां और स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे।मुख्य अतिथि ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के %एक भारत, श्रेष्ठ भारत% के सपने को साकार करने के लिए घर-घर जाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ें।

उन्होंने कहा, सरदार पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व देश के हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अभियान के माध्यम से हम उनके संदेश को जिले के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदीप चौधरी, गुलशन राजभर, अरविंद चौधरी, नमन चौरसिया, संतोष भारद्वाज, जितेंद्र पटवा, भानु प्रताप राव, सूरज कुमार, रंजीत यादव पिंटू, ऋषभ गुप्ता, दिलीप गुप्ता, दीपक सोनी, राम रूप चौहान, सत्य प्रकाश जायसवाल, अर्जुन, विनोद निषाद, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रंग लायी एमएलसी सुभाष यदुवंश की पहल: लालगंज वीरितिया बानपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 34.61 करोड़ मंजूर

फोटो नं. 4, 5 एमएलसी सुभाष यदुवंश

बस्ती। लालगंज वीरितिया वाया बानपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने 34.61 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विधान परिषद सदस्य एवं सभापति विनियमन समिति सुभाष यदुवंश के प्रस्ताव और निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप 11 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के विकास का रास्ता साफ हुआ है। सड़क के निर्माण एवं चौड़ीकरण से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों को आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद है। आमी नदी के किनारे स्थित यह मार्ग पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से उपेक्षा का शिकार था। सड़क की जर्जर स्थिति, संकरा रास्ता, घने नरकट और झाड़ियों के साथ जलजमाव की समस्या के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासी लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग कर रहे थे। अब शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोगों में विकास कार्य को लेकर उम्मीद जगी है।क्षेत्र की इस पुरानी समस्या के समाधान के लिए एमएलसी सुभाष यदुवंश लगातार प्रयास कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव रखा था। उनके प्रस्ताव और प्रयासों के बाद शासन ने इस महत्वपूर्ण



परियोजना के लिए 3460.61 लाख करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है इस परियोजना के पूरा होने के बाद प्रतिदिन लगभग 30 हजार लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सड़क बेहतर होने से बस्ती और संत कबीर नगर जनपदों के बीच संपर्क मजबूत होगा। ग्रामीणों को बाजार, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी सुविधाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। इसके साथ ही किसानों को कृषि उत्पादों के परिवहन तथा व्यापारियों को अपने व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी। मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होने की संभावना है। बेहतर सड़क संपर्क से आपातकालीन सेवाओं की पहुंच आसान होगी। मार्ग की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एमएलसी सुभाष यदुवंश ने कहा कि यह सड़क उनके लिए व्यक्तिगत रूप से भी विशेष महत्व रखती है। इसी मार्ग पर आते-जाते और खेलते-कूदते उनका बचपन बीता है। ऐसे में इस सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृति मिलना उनके लिए प्रसन्नता और आत्मिक संतोष का विषय है। कहा कि क्षेत्र की यह पुरानी समस्या लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। सड़क के विकास से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा और क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

प्रधान प्रतिनिधि के निधन पर शोक

दुबौलिया,हर्रैया(बस्ती)। विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत डेईडीहा बुजुर्ग के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ चौधरी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। बुधवार को टांडा घाट पर उनके अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक नेताओं और क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कप्तानगंज के सपा विधायक कविन्द्र चौधरी अतुल, नगर पंचायत कप्तानगंज के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी, दुबौलिया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश यादव भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह, अभिनंदन सिंह विशाल, मो. स्वाले, अभिनंदन सिंह, प्रदीप यादव मुलायम, बलराम चौधरी, सुरेश चौधरी, नरेश कुमार, शेषराम दिवाकर, अनिल सिंह सहित अनेक लोगों



ने दिवंगत को श्रद्धांजलि दिया और संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया गया।